# अमेठी में देश का सबसे बड़ा बॉटलिंग प्लांट चालू

## सीएम ने किया उद्घाटन, कहा- पहले की सरकारों के सामने नहीं था विकास का कोई एजेंडा



अमेठी में बॉटलिंग प्लांट के उद्घाटन के बाद निरीक्षण करते सीएम योगी। साथ में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी। स्रोत : सूचना विभाग

अमेठी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अमेठी के त्रिसुंडी स्थित औद्योगिक क्षेत्र में 900 करोड़ की लागत से बने एसएलएमजी बेवरेजेज प्रा.लि. के कोकाकोला बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि देश के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम एशिया का यह सबसे बड़ा बेवरेज बॉटलिंग प्लांट स्थापित हुआ है। इससे निवेश को नई गति मिलेगी। साथ ही यह स्थानीय स्तर पर रोजगार के लिए जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बॉटलिंग प्लांट सरकार की नई पॉलिसी का हिस्सा है।

मौके पर उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला बोला। कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य में 2017 के पहले की सरकारों के सामने विकास का कोई एजेंडा नहीं था। जातिवाद के नाम पर परिवारवाद की राजनीति होती थी। उन्होंने विपक्ष पर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का आरोप लगाया। संवाद